




अंक 7, 08 जून 2017

# संगठन संवाद पत्र

## विस्तारक प्रवास, तेलंगाना

22, 23 24, और 25 मई 2017










## 22 मई 2017 (प्रात: 7:45 से रात्रि 11:30)







**7:45** दिल्ली निवास से हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान

**9:00** दिल्ली हवाई अड्डे से हैदराबाद के लिए प्रस्थान

**11:45** हैदराबाद हवाई अड्डे पर प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत और सड़क मार्ग से नालगोंडा के लिए प्रस्थान

**12:45** थेरतपल्ली गाँव (नालगोंडा) में आगमन और पार्टी ध्वजारोहण के साथ कै. गुन्डागोनी मस्सिया गौड़ को श्रद्धांजलि

**1:00** थेरतपल्ली गाँव (नालगोंडा) के घर-घर में संपर्क किया, स्टीकर चिपकाए और बूथ समिति कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

**2:30** सरकारी गेस्ट हाउस नालगोंडा के लिए प्रस्थान

**3:30** सरकारी गेस्ट में आगमन

**4:25** स्टे-इन होटल नालगोंडा में प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करने के लिए आगमन. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अमित शाह ने श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रही केंद्र सरकार की गरीब कल्याण की नीतियों एवं पार्टी की विचारधारा से जुड़े विषयों को रेखांकित किया.

**6:30** प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक एवं संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा एवं संवाद

**7:30** पूर्व विधायकों एवं जिलाध्यक्षों से चर्चा

**8:30** गणमान्य व्यक्तियों के साथ भोजन पर प्रदेश एवं स्थानीय विषयों पर चर्चा

**10:15** सरकारी गेस्ट हाउस में आगमन और वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ दिन भर के कार्यक्रमों की समीक्षा

**11:30** रात्रि विश्राम





## 23 मई 2017 (प्रात: 8:30 से रात्रि 11:00)










**8:30** पार्टी पदाधिकारियों के साथ सुबह के अल्पाहार पर दिन के कार्यक्रमों की चर्चा

**9:15** वेलुगोपल्ली गाँव के लिए प्रस्थान

**9:30** वेलुगोपल्ली गाँव में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की मूर्ति का लोकार्पण एवं दीन दयाल कॉलोनी का नामकरण

**10:15** चिनाम दारम गाँव में आगमन और भाजपा महिला सरपंच श्रीमती भाग्यमा द्वारा शत-प्रतिशत शौचालय निर्माण कार्य का अवलोकन करके स्थानीय कार्यकताओं को प्रोत्साहन देने वाला संक्षिप्त उद्‌बोधन

**11:10** नागार्जुन विधानसभा के पेद्दा देवुलापल्ली में आगमन के बाद श्री अमित शाह ने घर-घर जाकर संपर्क किया और स्टीकर चिपकाए

**11:45** बूथ समिति की बैठक करके पंडित दीन दयाल उपाध्याय विस्तारक योजना के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए संबोधित किया

**12:15** पेद्दा देवूलापल्ली गाँव के लोगों से संवाद एवं अनुसूचित जाति बस्ती में कार्यकर्ताओं के साथ भोजन

**2:00** सरकारी गेस्ट नालगोंडा हाउस के लिए प्रस्थान

**3:00** गेस्ट हाउस में आगमन एवं राष्ट्रीय अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र के साथ साक्षात्कार

**4:15** सरकारी गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता में तेलंगाना सरकार को कटघरे में खड़ा किया

**6:30** लक्ष्मी गार्डेन नालगोंडा में पिछड़े वर्ग के संगठनों के साथ वार्ता एवं संबोधन में केंद्र सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के हितों में लिए गए निर्णयों को बताया

**8:00** एक समाचार चैनल के साथ साक्षात्कार

**9:00** कार्यकर्ताओं के साथ भोजन

**10:00** पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ दिन भर के कार्यक्रमों की समीक्षा

**11:00** रात्रि विश्राम



## 24 मई 2017 (प्रात: 9:00 बजे से रात्रि 12:30)











**9:00** गुन्द्रमपल्ली गाँव के लिए प्रस्थान

**9:45** गुन्द्रम पल्ली गाँव में आगमन एवं घर-घर जाकर संपर्क करके लोगों से संवाद

**10:30** बूथ समिति की बैठक करके पंडित दीन दयाल उपाध्याय विस्तारक योजना के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए संबोधन

**11:00** स्वतंत्रता सेनानी सम्मान कार्यक्रम में भाग लिया एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद किया

**12:30** भोंगिर गेस्ट हाउस के लिए प्रस्थान

**1:45** भोंगिर गेस्ट हाउस में आगमन एवं जिलाध्यक्ष एवं बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

**2:05** अनुसूचित जाति बस्ती में कार्यकर्ताओं के साथ भोजन करके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दलित विकास के मुद्दों पर चर्चा किया

**2:45** हरित प्लाजा होटल हैदराबाद के लिए प्रस्थान

**6:30** हरित प्लाजा में वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक एवं चर्चा

**7:00** हैदराबाद लोकसभा के बूथ समिति कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बूथ स्तर के संगठन की महत्ता को रेखांकित किया

**9:30** होटल हरित प्लाजा में आगमन और प्रमुख कार्यकर्ताओं से भेंट

**10:15** वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ दिन के कार्यक्रमों की चर्चा

**12:00** कार्यकर्ताओं से भेंट

**12:30** रात्रि विश्राम

## 25 मई 2017 (प्रात: 8:00 बजे से रात्रि 12:00)

**8:00** हैदराबाद हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान

**8:30** हवाई अड्डे से प्रस्थान

**9:35** विजयवाड़ा हवाई अड्डे पर आगमन और वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत

**9:40** हवाई अड्डे पर ही एम्बुलेंस वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन

**10:00** विजयवाड़ा में गेस्ट हाउस में आगमन और कई वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ व्यक्तिगत चर्चा

**1:10** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री आवास पर आगमन एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ भोजन पर चर्चा

**3:00** गेस्ट हाउस के लिए प्रस्थान

**4:00** गेस्ट हाउस में आगमन और पिछड़े समाज के प्रतिनिधियों के साथ संवाद

**6:00** सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में आगमन और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के महा सम्मेलन जनसभा को संबोधित किया

**7:20** विजयवाड़ा हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान

**8:00** हवाई अड्डे पर आगमन और केन्द्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक

**8:40** दिल्ली के लिए प्रस्थान

**12:00** दिल्ली निवास पर आगमन



अखिल भारतीय स्तर पर विस्तृत प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह 22 मई 2017 से 25 मई 2017 तक तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के प्रवास पर रहे। इस दौरान श्री अमित शाह ने घर-घर जाकर बूथ स्तर पर लोगों से संपर्क किया एवं प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलनों के माध्यम से पार्टी एवं भाजपानीत केंद्र सरकार की नीतियों को रखते हुए लोगों से संवाद किया। संगठनात्मक दृष्टि से यह प्रवास बेहद महत्वपूर्ण रहा क्योंकि प्रवास कार्यक्रम के दौरान श्री अमित शाह ने प्रदेश के हर स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से बैठक एवं कार्यक्रमों के माध्यम से संपर्क किया। श्री अमित शाह के तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश प्रवास से वहां के संगठन एवं कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह का भाव देखने को मिला, जो कि पार्टी के लिए हर दृष्टिकोण से बेहद उपयोगी एवं हितकर सिद्ध होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह के तेलंगाना और आंध्र में हुए प्रवास को पार्टी अनेक उपलब्धियों के रूप में देख रही है।

- स्टे-इन होटल नालगोंडा में प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रही केंद्र सरकार की गरीब कल्याण की नीतियों एवं पार्टी की विचारधारा से जुड़े विषयों को रेखांकित किया। प्रदेश के प्रबुद्ध समाज के बीच केंद्र सरकार की नीतियों को स्पष्टता से रखने की वजह से वहां के प्रबुद्ध वर्ग के बीच भाजपा सरकार के कार्यों का प्रचार बेहतर ढंग से हुआ और केंद्र सरकार की नीतियाँ मुख्यधारा के मुद्दे के रूप लोगों के बीच गयीं। इसको पार्टी एक उपलब्धि के रूप में स्वीकार कर रही है।
- संपर्क अभियान के अंतर्गत थेरतपल्ली गाँव (नालगोंडा)में श्री अमित शाह ने घर-घर में संपर्क किया, स्टीकर चिपकाए और बूथ समिति कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके उनसे संवाद स्थापित किया। श्री अमित शाह द्वारा बूथ स्तर पर संपर्क करने से वहां के निचले स्तर के कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह का भाव देखने को मिला। एक राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का एक आम कार्यकर्ता की तरह बूथ स्तर पर कार्य करना, संगठन के तमाम कार्यकर्ताओं के लिए महान आदर्श प्रस्तुत करने जैसा रहा। पार्टी के लिहाज से यह कदम बेहद उपयोगी एवं लाभाकारी सिद्ध होगा।
- विदित है कि पार्टी पंडित दीन दयाल जन्मशताब्दी वर्ष मना रही है। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने प्रवास कार्यक्रम के दौरान वेलुगोपल्ली गाँव में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की मूर्ति का लोकार्पण एवं दीन दयाल कॉलोनी का नामकरण करके पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के विचारों से समाज को जोड़ने की दिशा में एक ठोस पहल की है। इस दृष्टि से यह पार्टी हित में किया गया उत्कृष्ट कार्य है, जिसका दूरगामी लाभ पार्टी को वैचारिक दृष्टि से मिलेगा।
- केंद्र सरकार एवं स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता अभियान को जिस ढंग से राष्ट्रीय अभियान के तौर पर प्रसारित किया गया है, उस क्रम में श्री अमित शाह ने चिनाम दारम गाँव में भाजपा की महिला सरपंच श्रीमती भाग्यमा द्वारा कराए गये शत-प्रतिशत शौचालय निर्माण कार्य का अवलोकन करके स्थानीय कार्यकताओं को प्रोत्साहन देने वाला संक्षिप्त उद्बोधन दिया। स्वच्छता अभियान को इस संबोधन से बल मिलेगा एवं प्रदेश के लोगों को प्रेरणा प्राप्त होगी। इस दृष्टि से यह एक उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है।
- समाज के पिछड़े, दलित एवं हर तबके के बीच भारतीय जनता पार्टी की पहुँच को व्यापक बनाने और सभी वर्गों को जोड़ने की दृष्टि से पेद्दा देवूलापल्ली गाँव के लोगों से संवाद एवं अनुसूचित जाति बस्ती में कार्यकर्ताओं के साथ भोजन करके राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके इस कदम से प्रदेश में पार्टी को लाभ प्राप्त होगा।
- अपने संबोधनों में श्री अमित शाह ने केंद्र सरकार की नीतियों से लोगों का परिचय कराया तो वहीँ तेलंगाना सरकार की नीतियों की असफलताओं पर प्रहार भी किया। राजनीतिक रूप से प्रदेश सरकार की खामियों को उजागर करने की दृष्टि से पार्टी को लाभ पहुंचाने का कार्य करेगा।

# प्रशिक्षण विभाग

एक राजनीतिक दल का संगठनात्मक विस्तार सही दिशा में हो, इसके लिए यह अनिवार्य है कि उस दल के संगठन कार्य से जुड़ा हर कार्यकर्ता अपने दायित्वों के निर्वहन में पूर्ण रूप से निपुण हो। सही दिशा में सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए जब पार्टी का कार्यकर्ता कार्य करने लगता है तो पार्टी की दिशा स्वत: सही होने लगती है। इसके लिए जरुरी है कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के प्रति गंभीरता पूर्वक कार्य करे। भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक विस्तार के साथ-साथ विस्तार की दिशा एवं उसकी सकारात्मकता को लेकर भी गंभीरता पूर्वक कार्य कदम उठाती है। पार्टी ने इस कार्य को करने के लिए प्रशिक्षण विभाग की संरचना की है। इस विभाग को कार्यकर्ताओं के हर स्तर पर प्रशिक्षण आदि को लेकर ठोस कार्य करने का दायित्व सौंपा गया है। प्रशिक्षण से संबंधी योजना, रचना, प्रशिक्षण के माध्यम एवं प्रारूप आदि का समग्रता में मूल्यांकन करते हुए सही ढंग से इस को अमल में लाने की व्यवस्था का दायित्व पार्टी के प्रशिक्षण विभाग का है। प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत अनेक उद्देश्य निर्धारित किए गए हैं, जो निम्नवत हैं।

- प्रशिक्षण विभाग का यह प्रमुख दायित्व है कि मंडल, जिला, प्रदेश और सभी स्तरों पर संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए उचित एवं जरुरी प्रशिक्षण कार्य की व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करना। इस संबंध में अनिवार्य पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण से संबंधित तमाम जरुरी सामग्री आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी भी प्रशिक्षण विभाग की ही है।
- हर स्तर पर सांसद, विधायक, नगर पार्षद, महापौर आदि पार्टी से जुड़े पदेन लोगों के लिए जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षण कार्य की व्यवस्था को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी प्रशिक्षण विभाग की है।
- युगानुकुल प्रणालियों को उपयोग में लाते हुए ऑडियो एवं वीडियो के माध्यम से जरुरी प्रशिक्षण सामग्री को रुचिकर बनाने की दिशा में काम करते हुए सामग्री को लोगों के समझने योग्य तैयार करने की जिम्मेदारी भी प्रशिक्षण विभाग की होती है।
- प्रशिक्षण कार्य के सत्रों की रचना, सत्रों के क्रियान्वयन एवं सत्रों का दस्तावेजीकरण करना बेहद महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य का दायित्व भी प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत संपन्न होता है।
- राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक की विविध इकाइयों तक प्रशिक्षण की श्रृंखला समुचित रूप से चलती रहे और उसकी समय समय पर समीक्षा आदि होती रहे, यह दायित्व प्रशीक्षण विभाग को निर्वहन करना होता है।
- अन्य विचारधाराओं वाले राजनीतिक दलों की प्रशिक्षण सामग्री और प्रशिक्षण प्रणाली को जुटाना, उन्हें संकलित करना एवं उसके अच्छे तौर-तरीकों को बारीकी से अध्ययन करना भी प्रशिक्षण विभाग का प्रमुख कार्य है।

## प्रशिक्षण विभाग पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह के विचार

भाजपा के 11 करोड़ सदस्यों को पार्टी से जोड़े रखने के लिए हमें अपनी विचारधारा का तेजी से विस्तार करके इन सदस्यों को पार्टी के कार्यक्रमों से जोड़ना आवश्यक है। यह प्रयास तभी सफल होगा जब हमारे कार्यकर्ता अच्छी तरह से प्रशिक्षित हों। अतः प्रशिक्षण विभाग की पार्टी के विस्तार में एक महत्वपूर्ण भूमिका है।



> मुझे तेलंगाना के लोगों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्त्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार की विकासोन्मुखी व गरीब-कल्याणकारी नीतियों में अटूट श्रद्धा व विश्वास दिखाई दिया।

# तेलंगाना और आंध्र प्रदेश प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह के उद्बोधन के मुख्य बिंदु

मैं अपने तीन दिन के तेलंगाना प्रवास के दौरान राज्य में जहां भी गया, मैंने महसूस किया कि तेलंगाना के लोगों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी के प्रति गजब का उत्साह है।

भारतीय जनता पार्टी तेलंगाना में एक मजबूत राजनीतिक पार्टी के विकल्प के रूप में राज्य की जनता के सामने खड़ी है और तेलंगाना की जनता का भी अपार स्नेह व आशीर्वाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी को मिल रहा है।

मोदी सरकार ने तेलंगाना के विकास के लिए कई योजनाएं शुरू की है, हर साल तेलंगाना को लगभग 20 हजार करोड़ रुपया ज्यादा भेजने का काम किया है। आने वाले दिनों में भी तेलंगाना के विकास के लिए और भी जो कुछ करना पड़ेगा, वह सब करने के लिए मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी तैयार है।

राज्य में तेलुगुदेशम पार्टी के साथ हमारी सरकार अच्छे से काम कर रही है। हमारे दोनों मंत्री भाजपा-टीडीपी सरकार में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। खासकर स्वास्थ्य विभाग को तो अच्छे कामों के लिए कई सारे अवार्ड भी प्राप्त हुए हैं।

14वें वित्त आयोग में कांग्रेस की सरकार ने स्पेशल स्टेटस पर एक प्रकार से कानूनी बैन लगा दिया था, इसलिए आंध्र प्रदेश को स्पेशल स्टेटस नहीं दिया जा सका लेकिन हमने इसके लिए भी अलग से रास्ता निकाला है।

जब तक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के हर गाँव, हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी मजबूत नहीं हो जाती, तब तक मैं चैन से नहीं बैठने वाला हूँ| मुझे विश्वास है कि आंध्र प्रदेश दक्षिण भारत में भारतीय जनता पार्टी का सबसे मजबूत गढ़ बनने वाला है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्त्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए कटिबद्ध है। आंध्र प्रदेश के विकास के लिए मोदी सरकार ने तीन वर्षों में कई कार्य किये हैं।

2019 में तेलंगाना में सत्तासीन होगी भाजपा : अमित शाह

TS got more during BJP rule: Shah

Shah visits village homes, gets first-hand view of problems

Shah makes his mission clear, it's target T in 2019

BJP JUGGERNAUT ROLLS INTO TELANGANA

TRS failed on all fronts: Shah

Shah: Surgical strikes displayed our strength

देश के हर कूचे तक पहुंचना भाजपा का लक्ष्य : शाह

रज़ाकारों से लड़ते हुए शहीद वीरों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा : शाह

TS failed to implement Central schemes, says BJP prez

Amit slams TRS, says BJP will win polls in TS









Centre ready to help TS: Amit Shah

तेरास से गठबंधन का सवाल ही नहीं : शाह

तेलंगाना से ही शुरू होगी विजय यात्रा

Am here not to scare or defeat anyone: Shah

1 लाख करोड़ दिए : शाह

BJP providing corruption-free, transparent rule: Amit Shah

Party president addresses booth committee members and other party functionaries

BJP south-bound: Shah

NDA did more for TS: Shah

Telangana given ₹1 lakh-crore by Modi government, insists BJP

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष 1916 2016

http://www.bjp.org/adhyakshiyapravas2017